NAI DUNIYA, Delhi, 3.1.2018
Page No. 5, Size:(8.47)cms X (11.65)cms.

भोपाल के डाकघर से आधार कार्ड बनाने की सुविधा शुरू

भोपाल। नईदुनिया स्टेट ब्यूरो

नए साल के साथ ही मध्यप्रदेश में राजधानी के टीटी नगर मुख्य डाकघर में आधार कार्ड निर्माण एवं अपडेशन की सुविधा शुरू हो गई। सेंटर का शुभारंभ महाप्रबंधक वित्त डाक लेखा एसएल भालौटिया ने किया। इस अवसर पर बताया गया कि प्रदेश के 473 डाकघरों में नामांकन अर्थात नए आधार निर्माण एवं अपडेशन की सुविधा रहेगी।

544 आधार सेवा सेंटर्स पर आधार कार्ड के डाटा में संशोधन का कार्य किया जा सकेगा। कार्यक्रम में डाक विभाग के निदेशक रामचंद्र जायेभाये एवं शरदेंदु पांडेय ने भी योजना का ब्योरा दिया। उधर, राजधानी के ही रॉयल मार्केट स्थित जीपीओ दूसरा ऐसा आधार सेवा सेंटर होगा, जहां नामांकन और अपडेशन की सुविधा रहेगी। डाक विभाग के देशभर में फैले नेटवर्क का उपयोग केन्द्र सरकार ने आधार कार्ड निर्माण सेंटर के रूप करने का निर्णय लिया है। इसके तहत प्रदेश के 1017 डाकघरों में आधार सेवा सेंटर शुरू किए जाएंगे। भोपाल के दो डाकघरों में आधार निर्माण और 26 में संशोधन कराने की व्यवस्था चरणबद्ध तरीके से शुरू की जाएगी। बताया जाता है कि आधार निर्माण की मशीनें देर से आने के कारण यह योजना देर से शुरू हो पाई। डाक विभाग के अधिकारी चाहते थे कि एक जनवरी को पहला आधार सेंटर खुल जाए। इसके लिए आधार कार्ड निर्माण की मशीन को जल्दबाजी में बुलाया गया। दिनभर मशीन को व्यवस्थित ढंग से लगाने की कार्रवाई चलती रही। शाम को छह बजे के बाद भोपाल की दो बच्चियों के आधार कार्ड बनाकर यह सुविधा शुरू करने का ऐलान कर दिया गया। विभागीय सूत्रों का कहना है कि अगले सप्ताह तक अन्य डाकघरों में चरणबद्ध ढंग से यह सुविधा शुरू हो जाएगी।